**खबर संक्षेप**

### 'मेयर इन काउंसिल' की बैठक, विकास कार्यों पर लगी मुहर



**सतना।** नमो सभागार में महापौर योगेश कुमार ताम्रकार की अध्यक्षता में मेयर इन काउंसिल की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में शहर के समग्र विकास और जनहित से जुड़े कई बड़े फैसले लिए गए। बैठक में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने और लंबित विकास कार्यों में तेजी लाने पर चर्चा हुई। बैठक में निगम आयुक्त शैलेंद्र सिंह,एमआईसी सदस्य और निगम के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### अनियंत्रित होकर पलटा सवारियों से भरा ऑटो, चालक फरार



**सतना।** सतना नदी के समीप एक दर्दनाक हादसा होते-होते बचा। सवारियों से लदा एक ऑटो अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं।दुर्घटना के तुरंत बाद ऑटो चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को संभाला गया।

### नई बस्ती हत्याकांड: पत्थर से कुचलकर पति की हत्या करने वाली आरोपी पत्नी गिरफ्तार



**सतना।** नई बस्ती में हुई सनसनीखेज हत्या के मामले में कोलगवां पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अपने पति की पत्थर पटक कर हत्या करने वाली आरोपी महिला को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। टीआई सुदीप सोनी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया।

### रेलवे स्टेशन के प्रतीक्षालय में घुसा आवारा सांड, यात्रियों में मची भगदड़



**सतना।** रेलवे स्टेशन के यात्री प्रतीक्षालय (वेटिंग हॉल) में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक आवारा सांड वहां घुस आया। सांड के आतंक से यात्रियों में दहशत फैल गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। यह घटना स्टेशन परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लगाती है।

# रेल सुविधाओं का औचक निरीक्षण कर एडीआरएम ने परखीं व्यवस्थाएं

**सतना।** पश्चिम मध्य रेलवे के अपर मंडल रेल प्रबंधक सुनील टेलर ने अपनी टीम के साथ सतना रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य यात्री सुविधाओं का स्तर जांचना और परिचालन से जुड़े कर्मचारियों की कार्यक्षमता का अवलोकन करना था।यात्री सुविधाओं का जायजा निरीक्षण के दौरान एडीआरएम ने प्लेटफॉर्म की सफाई,प्रतीक्षालय,टिकट बुकिंग काउंटर और ट्रेन डिस्प्ले सिस्टम की बारीकी से जांच की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यात्रियों को दी जाने वाली सूचनाएं सटीक होनी चाहिए और स्टेशन परिसर में स्वच्छता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

### स्टाफ कल्याण और सुरक्षा पर जोर

एडीआरएम विशेष रूप से 'रनिंग रूम' पहुंचे,जहाँ उन्होंने चालक दल के विश्राम की सुविधाओं को देखा। उन्होंने शुद्ध पेयजल और पौष्टिक भोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। 'लोको लॉबी' में उन्होंने क्रू स्टाफ के रिकॉर्ड चेक किए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे पूरी तरह फिट और सचेत होकर ड्यूटी कर रहे हैं।

### आपातकालीन तैयारी

अंत में,उन्होंने रेल दुर्घटना राहत ट्रेन के स्टाफ से चर्चा की और उन्हें किसी भी आकस्मिक चुनौती या रेल दुर्घटना की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया के लिए 24/7 तैयार रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा और संरक्षा रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है।





## चाय सुट्टा बार के पास जानलेवा हमला करने वाले दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**सतना।** शहर के रीवा रोड स्थित चाय सुट्टा बार के पास संगठित होकर जानलेवा हमला करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब इस मामले के अन्य फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

### क्या है मामला?

फरियादी अतुल गौतम ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके भाई अनिकेत गौतम पर चट्टू,विशाल, सनिल,ऋषभ,हिमांशु,शिव और अनुज ने एक राय होकर जानलेवा हमला किया था। आरोपियों ने मारपीट के साथ-साथ कट्टे से फायर कर जान लेने की कोशिश भी की थी।

### पुलिस की कार्रवाई

थाना प्रभारी रावेन्द्र द्विवेदी के नेतृत्व में टीम ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की मदद से आरोपियों को चिन्हित किया। पुलिस ने दबिश देकर अनुज उर्फ प्रशांत तिवारी और शिव अग्निहोत्री उर्फ आकाश दोनों निवासी खजुरी टोला को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय के आदेश पर दोनों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि शेष फरार आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### कट्टे के साथ इंस्टाग्राम पर वीडियो डालना पड़ा भारी, आरोपी गिरफ्तार

**सतना।** सोशल मीडिया पर हथियार के साथ रील बनाकर धौंस जमाना एक युवक को महंगा पड़ गया। सिटी कोतवाली पुलिस ने इंस्टाग्राम पर कट्टे के साथ वीडियो वायरल करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

#### कार्रवाई का विवरण

7 जनवरी को 'महेंद्र यादव' नाम की आईडी से एक वीडियो वायरल हुआ था,जिसमें एक युवक हाथ में कट्टा लिए नजर आ रहा था। पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के निर्देशन में कोतवाली पुलिस ने मुखबिरों की मदद से आरोपी की पहचान महेंद्र पाल उर्फ बुल्ली यादव निवासी भटनवारा के रूप में की। पुलिस ने भटनवारा में दबिश देकर आरोपी को पकड़ा और उसके पास से एक 315 बोर का देसी कट्टा और कारतूस बरामद किया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उसे केंद्रीय जेल सतना भेज दिया गया है।

## धान खरीदी केन्द्रों में किसानों को नहीं दी जा रही कोई सुविधा: पुष्पराज

### किसानों की समस्याओं से रू-ब-रू होने निकाली गई किसान जन आंदोलन यात्रा



**मैहर।** म.प्र.कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं म.प्र.किसान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान के निर्देशानुसार किसानों के न्याय एवं हक की लड़ाई हेतु किसान कांग्रेस मैहर के जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिह बघेल के नेतृत्व में किसान जन आंदोलन यात्रा निकाली गई जिसमें किसान न्याय यात्रा आज दूसरे दिन अमरपाटन विधानसभा के ग्राम-सगौनी,नारायणपुर,गोविदपुर,न्यू रामनगर तथा मैहर विधानसभा के ग्राम बराखुर्द, रिगरा, नादन, बरहिया, भेड़ा, तिलौरा पहुंची। किसानों की न्याय यात्रा को लेकर जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने प्रेस वार्ता कर बताया कि हमारी टीम धान खरीदी केंद्रों में भी जाकर किसानों की समस्याओं से रूबरू हो रही और धान खरीदी केन्द्रों में किसानों को हो रही समस्याओं को जाना। श्री सिंह ने बताया कि धान खरीदी केन्द्रों में किसानों का शोषण हो रहा है। इन अधिकांश केन्द्रों में न तो ठण्ड से बचने के लिए अलाव जलाए जा रहे न ही रात में रहने के लिए टेंट लगाए गए जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी तरह किसान अपनी उपज लेकर तौलने का इंतजार करना रहता है वहीं केन्द्रों में पदस्थ दलाल और कर्मचारी मिल कर बाद में आए किसानों की उपज की तौल करवा लेते है और जो किसान पहले से लाइन में लगा वह बैठा ही रह जाता है।इसी तरह किसानों को उनकी उपज सही मूल्यांकन नहीं किया जाता है और मनमानी की जाती है। किसानों की उपज की तौल होने के बाद भी उनकों भुगतान नहीं किया जाता है और कहा जाता है कि जब आपका धान वेयर हाउस में जमा हो जाएगी तब आपकों पैसे मिलेंगे। इस तरह किसान अपनी फसल बेचने के बाद भी भुगतान के लिए भटकता रहता है।मैहर जिले में किसानों को हो रही समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस चिंतित है और इनसे किसानों को कैसे राहत मिले हर संभव प्रयास किया जाएगा क्यों कि किसान कांग्रेस ही ऐसी पार्टी है जो किसानों के हित की बात करती है।



## सुआ गांव में भारी तनाव: सुसाइड नोट के बाद ग्रामीणों का आक्रोश

**सतना।** अमरपाटन अंतर्गत ग्राम सुआ में एक 25 वर्षीय युवक अनंतराम पटेल की आत्महत्या के मामले ने उस समय हिंसक रूप ले लिया,जब सोशल मीडिया पर उसका सुसाइड नोट वायरल हो गया। ग्रामीणों ने पुलिस पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने से रोक दिया और घंटों तक हंगामा किया।

### विवाद का मुख्य कारण

जानकारी के अनुसार,पुलिस एक युवती के अपहरण के मामले में मृतक अनंतराम पर संदेह कर रही थी। परिजनों और ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस युवक पर अपराध कबूलने के लिए नाजायज दबाव बना रही थी और उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। सुसाइड नोट सामने आने के बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा,जिसमें कथित तौर पर पुलिस के दबाव का जिक्र था।

प्रशासनिक हस्तक्षेप से थमा मामला

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पूर्व राज्यमंत्री रामखेलावन पटेल मौके पर पहुंचे। उनके साथ एडिशनल एसपी और एसडीओपी सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा। अधिकारियों ने निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्यवाही का लिखित आश्वासन दिया। काफी देर चली समझाइश के बाद ग्रामीण शांत हुए और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल ले जाने दिया गया। क्षेत्र में फिलहाल तनावपूर्ण शांति बनी हुई है और पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

## कोहरे से सुरक्षा: यातायात पुलिस का 'रिफ्लेक्टर' अभियान

**सतना।** बढ़ते कोहरे और कम दृश्यता के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सतना यातायात पुलिस इन दिनों विशेष सतर्कता बरत रही है। इसी कड़ी में सितपुरा रोड पर एक प्रभावी सुरक्षा अभियान चलाया गया,जिसका उद्देश्य रात के अंधेरे में वाहन चालकों को संभावित खतरों से आगाह करना है।

### पेड़ों पर रिफ्लेक्टर और दृश्यता

यातायात विभाग की टीम ने रैगांव मोड़ से लेकर सितपुरा पावर ग्रिड तक के संवेदनशील मार्ग को चुना। इस मार्ग के दोनों ओर स्थित पेड़ों पर चमकीले रिफ्लेक्टर लगाए गए हैं। कोहरे के दौरान जब वाहनों की लाइट इन रिफ्लेक्टरों पर पड़ती है,तो सड़क की सीमा स्पष्ट दिखाई देती है,जिससे वाहन के अनियंत्रित होकर टकराने का खतरा कम हो जाता है।

### जागरूकता और नियम पालन

सड़क सुरक्षा केवल बुनियादी ढांचे तक सीमित नहीं रही,बल्कि पुलिस ने रेलवे स्टेशन परिसर में व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया।




### हेलमेट और सीट बेल्ट

दोपहिया चालकों को हेलमेट और कार चालकों को सीटबेल्ट के महत्व के बारे में बताया गया। ऑटो चालकों को यातायात नियमों वाली विशेष निर्देशिका बांटी गई। पुलिस का कहना है कि नियमों का पालन ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने का एकमात्र स्थाई समाधान है।

## वि-बीजी रामजी योजना: ग्रामीण विकास और रोजगार का नया अध्याय

**सतना।** मध्यप्रदेश शासन की राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'वि-बीजी रामजी' (विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन-ग्रामीण) के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने इस योजना को ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए एक मील का पत्थर बताया।

बजट और रोजगार में भारी वृद्धि

मंत्री बागरी ने तुलनात्मक आंकड़े पेश करते हुए बताया कि जहाँ पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय रोजगार मिशन का बजट मात्र 35 हजार करोड़ रुपये हुआ करता था,वहीं वर्तमान सरकार ने इसे बढ़ाकर 95 हजार करोड़ रुपये कर दिया है। सबसे महत्वपूर्ण बदलाव रोजगार की अवधि में किया गया है; अब ग्रामीणों को मनरेगा के 100दिनों के स्थान पर 125 दिन के रोजगार की गारंटी दी जाएगी। बहुआयामी विकास और आत्मनिर्भर पंचायत योजना की विशिष्टता यह है कि इसमें 15 अलग-अलग विभागों की कार्ययोजनाओं को एक साथ जोड़ा गया है। अब कृषि को सीधे उद्योग और रोजगार के अवसरों से लिंक किया जाएगा। पंचायतों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से उन्हें पंजीकरण करने और कुल कार्यों का 50 फीसदी स्वयं कराने का अधिकार सौंपा गया है।



## इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों को लेकर कांग्रेस करेगी जनआंदोलन



**मैहर।** इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस संबंध को लेकर कांग्रेस मैहर जिला अध्यक्ष धर्मेश घई ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कर जानकारी देते हुए बताया कि दूषित पानी से हुई मौतों को लेकर 11 जनवरी को इंदौर में कांग्रेस का बड़ा जन आंदोलन आयोजित किया जा रहा है जिसमें शामिल होने के लिए मैहर से भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जत्था जाएगा। धर्मेश घई ने बताया कि कांग्रेस की ओर से बड़ा गणपति चौक से अहिल्या चौक राजवाड़ा तक आक्रोश पैदल मार्च निकाला जाएगा।यह मार्च सुबह 11 बजे शुरू होकर राजवाड़ा पर समाप्त होगा। इस प्रदर्शन में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह,कमलनाथ,प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिघार सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। इस मोर्चे में शामिल होने के लिए सभी जिलाध्यक्षों को अधिकतम कार्यकर्ता को जुटाने के निर्देश दिए गए हैं। मैहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई स्वयं मैहर से जत्था लेकर इंदौर जाएंगे और प्रदर्शन में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### सरकार की लापरवाही से दूषित पानी से 20 मौतों का आरोप

श्री घई ने आरोप लगाते हुए कहा कि इंदौर में दूषित पानी पीने से अब तक 20 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि सरकार ने केवल चार मृतकों के परिजनों को ही 2-2 लाख रुपये का मुआवजा दिया है जब कि आज कई पीड़ति अस्पतालों में जीवन और मृत्यु से संघर्ष कर रहे हैं। कांग्रेस का कहना है कि पिछले छह महीनों से इंदौर में दूषित पानी की शिकायतें मिल रही थीं लेकिन प्रशासन और सरकार ने समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की है जिसके कारण जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।इंदौर के प्रभारी मंत्री स्वयं मुख्यमंत्री हैं और स्थानीय विधायक कैलाश विजयवर्गीय होने के बावजूद जनता की सुरक्षा को गंभीरता से नहीं लिया गया।

## मैहर में प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान में पोषण आहार में गड़बड़ी

### 20 रुपए का सामान देकर अस्पतालों में की जा रही खानापूर्ति

**मैहर।** मैहर जिले में संचालित प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान एक बार फिर विवादों में घिर गया है। गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और पोषण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाए जा रहे इस अभियान में अब स्वास्थ्य विभाग द्वारा ही गड़बड़ी किए जाने के आरोप सामने आए हैं। पहले जहां ठेकेदारों पर पोषण आहार में अनियमितता के आरोप लगते थे,वहीं अब खुद स्वास्थ्य विभाग द्वारा पोषण आहार का वितरण किए जाने के बावजूद हालात नहीं सुधरे हैं। जानकारी के अनुसार शासन द्वारा प्रति गर्भवती महिला रुपए 50 का पोषण आहार निर्धारित किया गया है,लेकिन शिविरों में पहुंचने वाली महिलाओं को मात्र रुपए 20 के आसपास का ही सामान दिया जा रहा है। महिलाओं को सिर्फ दो केले,थोड़ी-सी मूंग दाल और एक पानी का पाउच देकर औपचारिकता निभाई जा रही है। इस अल्प पोषण आहार से न तो गर्भवती महिलाओं की पोषण संबंधी जरूरतें पूरी हो पा रही हैं और न ही अभियान का उद्देश्य सफल होता दिख रहा है। जिला कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जांच कर कार्रवाई किए जाने की मांग की जा रही है।

**खबर संक्षेप**

## सामूहिक विवाह योजना के लिए आवेदन की आज अंतिम तिथि

**कटनी।** नगर निगम कटनी द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना के अंतर्गत शुक्रवार 23 जनवरी 2026 को सामूहिक विवाह, निकाह का आयोजन किया जा रहा है। योजना के तहत गरीबी रेखा के अंतर्गत पंजीकृत हितग्राही 9 जनवरी 2026 तक अपना आवेदन कर सकते है। नगर निगम के नोडल अधिकारी मुख्यमंत्री कन्यादान योजना सनद विश्वकर्मा ने बताया कि योजनान्तर्गत वधु को 49 हजार रुपये सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर किए जायेंगे तथा राशि 6 हजार रुपये प्रति जोडों के मान से आयोजनकर्ता निकाय को दी जाएगी। सामूहिक विवाह सम्मेलन में विवाह करने हेतु इच्छुक आवेदक वर तथा कन्या की तीन फोटो, वर एवं कन्या का आधार कार्ड की छायाप्रति, गरीबी रेखा राशन कार्ड की छायाप्रति, कन्या के बैंक खाता की छायाप्रति, कन्या का मूल निवासी प्रमाण पत्र, वर एवं कन्या का समग्र परिवार आई.डी ई-के.वाई.सी सहित, जन्मतिथि संबंधी दस्तावेज वर एवं कन्या की वोटर आईडी के साथ आवेदन निगम कार्यालय के कक्ष क्रमांक 66 में जमा कर सकते है। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु कन्या का नगर निगम कटनी सीमा का मूल निवासी होने के साथ ही कन्या की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष तथा वर की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष होना आवश्यक है।

## नन्हवारा खुर्द में श्रमदान से किया गया बोरी बंधान

**कटनी।** जल संचय अभियान के अंतर्गत विकासखंड बड़वारा के बसाड़ी सेक्टर क्रमांक 04 के ग्राम नन्हवारा खुर्द में नवीन गठित प्रस्फुटन समिति के सदस्यों की सहभागिता व नवांकुर संस्था प्रमुख हरभगत सिंह के सहयोग से 65 बोरियों का बोरी बंधान कार्य किया गया। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में जिला समन्वयक डॉ. तेज सिंह केसवाल के दिशा-निर्देशन एवं ब्लॉक समन्वयक नंदिनी वाटिया के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

## अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय पर हुई कार्यवाही

**कटनी।** जिले में अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय एवं परिवहन पर रोक लगाये जाने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग की टीम द्वारा वृत्त स्लीमनाबाद प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक अतुल कुटार के नेतृत्व में वृत्त अंतर्गत ग्राम देवरी, बूदनवारा, ककरहटा, भगनवारा, रूपनाथ, कौंडिया में दबिश दी गई। जिला आबकारी अधिकारी सुश्री विभा मरकाम ने बताया कि दबिश के दौरान 31 पाव देशी मदिरा मसाला, 59 पाव देशी मदिरा प्लेन जब्त की गई है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब 8 हजार रुपये आंकी गई है । इस कार्यवाही में आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क एवं 36 (क) के तहत कुल 8 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। कार्यवाही में वृत्त स्लीमनाबाद के आबकारी आरक्षक राजेश गौंटिया भी मौजूद रहे।

## प्रस्फुटन समितियों की सेक्टर स्तरीय बैठक का हुआ आयोजन

**कटनी।** म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा चयनित तेवरी सेक्टर के नवांकुर संस्था युवा जन सेवा समिति के सेक्टर प्रभारी रविन्द्रनाथ झारिया द्वारा सेक्टर स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रस्फुटन ग्राम अमोच, लिंगरी, संसारपुर, सलैया प्यासी, टिकरिया समितियों की उपस्थिति रही। बैठक में ब्लॉक समन्वयक अरविन्द शाह ने समग्र ग्राम विकास की प्रोफाइल, जन जागरूकता शिविर, संस्कार केन्द्र, वाचनालय, प्लास्टिक मुक्त ग्राम तथा जल संचय अभियान के तहत बोरी बंधान सहित समितियों को आवश्यक जानकारी एवं दिशा-निर्देश दिए। जबकि परामर्शदाता विनोद सिंह द्वारा समितियों से आवश्यक दस्तावेजों तथा सीएमसीएलडीपी छात्रों को असाइनमेंट आदि के संबंध में आवश्यक चर्चा की गई। वहीं संस्था के अध्यक्ष पूर्व सैनिक बसंत जायसवाल द्वारा संस्था द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। इसके अलावा सेक्टर प्रभारी रविन्द्रनाथ झारिया द्वारा अपने सेक्टर की कार्ययोजना की समितियों को जानकारी दी गई।

### ग्रामों के विकास को लेकर ग्राम सभाओं का वास्तविक में होना कब होगा सुनिश्चित

# योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर आम जनता को कैसे हो पता जब मनमर्जी ग्राम सभाओं के प्रस्ताव न ही पंचायतों की बैठकें?

विकास का आधार जहां ग्राम पंचायत कार्य एजेन्सी होती है पर पंचायतों की बैठकें तो उपसरपंच चुनाव के बाद सायद ही कहीं होती हो। वहीं ग्राम सभाओं की बैठकों में भी मनमर्जी के हालात वास्तविकता में ग्राम सभाओं में जोर नहीं। जिसके चलते ग्रामीण जनता आज भी योजनाओं के क्रियान्वयन व योजनाओं से अनभिज्ञ कृपा से विकास की दास्ता।



**पन्ना।**

कहने को तो विकास को लेकर ग्राम पंचायतों को कार्य एजेन्सी के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी जाती है पर पंचायतों की बैठके तो सायद ही कहीं होना पाया जाता हो। प्रमुखता उपसरपंच चुनाव तक पंचायतों की बैठकें व पंचों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। तत्पष्चात ग्राम सभाओं के प्रस्ताव के जरिये विकास की दिषा ग्राम पंचायत में तय होती है पर ये ग्राम सभायें वास्तविकता में कराया जाना अब कुछ कह पाना कठिन है सच तो यह है कि ग्राम सभाओं के प्रस्ताव कार्यवाही सदैव खुली रहना मनमर्जी के हालात में प्रस्ताव पारित करना व ग्राम पंचायत के सरपंच व सचिव तक सीमित जानकारी से कार्यों का सम्पन्न होना वहीं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तक पंचायत में आम जनता को नहीं हो पाती। वास्तविकता में ग्राम पंचायतों का संचालन तत्कालीन कलेक्टर संजय मिश्रा वहीं तत्कालीन जिला पंचायत सीईओ संघप्रिय जी के कार्यकाल में जरूर पंचायतें प्रतिदिन खोले जाने को लेकर जोर दिया गया था। वहीं वर्तमान में फिर भर्रेषाही के हालात पंचायतों में अधिकत्तर ताले लटके रहने की जरूर प्रमुखता रहती है। वहीं ग्राम पंचायतों में जीआरएस की नियुक्ति ग्राम पंचायत कार्यालय के संचालन को लेकर प्रमुखता से मानी जाती है वहीं सचिव भी ग्राम पंचायत के प्रमुख रूप से जिम्मेदारी को लेकर दायित्व निभाने हेतु माने जाते है पर हालात कहीं न कहीं सरपंच व सचिव की जुगुल जोड़ी के चलते पूरा विकास इन्हीं के मनमाफिक होता है। ग्राम सभाओं के प्रस्ताव को लेकर जहां भले ही कागज में स्वमर्जी डालकर कार्य किये जाते हो पर ग्राम की जनता को सायद ही इसकी जानकारी होती हो। वहीं वह तो बेहतर कहें कुछ समय पूर्व कलेक्टर श्रीमती ऊषा परमार ने कराये जा रहे कार्यों में साईन बोर्ड लगाये जाने को लेकर प्राथमिकता दी है जिसमें यह पता चल सकेगा कि कौन सा कार्य किस मद से किस वर्ष कहां पर कराया गया वहीं कई बार तो यह भी देखने में आता है कि एक ही कार्य कई बार हो जाते है आखिरकार साईन बोर्ड लगाये जाने से कुछ तो पारदर्षिता पटल पर आयेगी। वहीं आगामी 26 जनवरी से जहा ग्राम सभाओं को लेकर नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी में अगर वास्तविकता में ग्राम सभायें कराई तो सायद योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को भी हो सके। आखिरकार कब सुधरेगें हालात सुषासन की राह कब होगी तय जब जनता की भागीदारी होगी तभी सुषासन की राह सफल क्रियान्वयन को लेकर जानी जायेगी।

# नगर परिषद गुनौर के वार्ड क्रमांक 10 के रहवासी नारकीय जीवन जीने को मजबूर, प्रशासन व जनप्रतिनिधि मौन



**गुनौर।** प्रदेश में डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद नगर परिषद गुनौर के वार्ड क्रमांक 10 अंतर्गत इतवारी बाजार क्षेत्र के रहवासी बदहाली का जीवन जीने को मजबूर हैं। क्षेत्र में गंदे पानी की निकासी की कोई ठोस व्यवस्था नहीं होने से हालात दिन-ब-दिन भयावह होते जा रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार नालियों की लंबे समय से सफाई नहीं की गई है, जिसके चलते गटर का गंदा पानी सड़कों पर बहते हुए घरों के अंदर तक घुस रहा है। घरों में जलभराव की स्थिति बनने से लोगों का रहना दूभर हो गया है। सबसे अधिक परेशानी बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को झेलनी पड़ रही है। रहवासियों का कहना है कि इस गंभीर समस्या को लेकर वे कई बार नगर परिषद व संबंधित अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। गंदगी और जलभराव के कारण क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे डेंगू, मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन व जनप्रतिनिधियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। चिंताजनक बात यह है कि जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि इस गंभीर समस्या पर अब तक मौन साधे हुए हैं। अब देखना यह होगा कि नगर परिषद और जिला प्रशासन कब जागता है और वार्ड क्रमांक 10 के रहवासियों को इस नारकीय स्थिति से निजात दिलाने के लिए क्या ठोस कदम उठाता है।

# पन्ना में रिश्तों का खून, बेटी की शादी तय करने पर अपनों ने ही ढाया कहर

### पन्ना में पिता-पुत्री पर जानलेवा हमला




**पवई।** पन्ना जिले के पवई थाना अंतर्गत ग्राम रेहुटा में एक पिता को अपनी बेटी का रिश्ता तय करना उस वक्त भारी पड़ गया, जब उसके ही सगे भाइयों (ताऊ और चाचा) ने घर पर हमला बोल दिया। मामला महज शादी पक्की होने की रंजिश का है। आरोपियों ने 20 वर्षीय युवती पार्वती और उसके पिता प्रेमलाल कुशवाहा को बेरहमी से लात-घूसों और डंडों से पीटा। बीच-बचाव करने आई बेटी पर आरोपियों ने डंडे से हमला किया, जिससे उसकी आँख पर गंभीर चोट आई है। हमलावरों ने धमकी दी है कि अगर तय जगह पर शादी की, तो पूरे परिवार को जान से मार देंगे। पीड़िता की शिकायत पर पवई थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ ठछै की विभिन्न धाराओं (296।, 115(2), 351(2) और 3(5)) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस फिलहाल फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### 2026 कृषि कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जाएगा

# कलेक्टर ने गतिविधियों के सफल क्रियान्वयन के संबंध में ली विभागीय अधिकारियों की बैठक

**पन्ना।**




किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा वर्ष 2026 को कृषि कल्याण वर्ष के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में जारी निर्देशों के तहत कृषि सहित पशुपालन, उद्यानिकी एवं मत्स्य पालन इत्यादि विषयों पर किसानों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जाएगी। कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों से सतत संपर्क कर नवीन और वैज्ञानिक तकनीकी सुधार के बारे में भी अवगत कराया जाएगा। इसके लिए जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय समिति का गठन भी किया गया है। कलेक्टर ऊषा परमार ने सहभागी विभागों की विभिन्न गतिविधियों तथा कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के संबंध में शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागार में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। 11 जनवरी से प्रत्येक विकासखण्ड में कृषि रथ द्वारा किसानों के बीच पहुंचकर प्रचार-प्रसार का कार्य आरंभ किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती परमार ने बैठक में कृषि प्रचार रथ के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए कहा। साथ ही किसानों को अनिवार्य रूप से फॉर्मर आईडी बनवाने एवं इसकी उपयोगिता के संबंध में जागरूक करने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग द्वारा निर्धारित कार्ययोजना पर फोकस कर किसानों को जागरूक एवं प्रेरित करने का सार्थक प्रयास किया जाए। इस दौरान किसानों को फॉर्मर आईडी के जरिए उर्वरक वितरण की नवीन ई-टोकन व्यवस्था, संबंधित विभागों द्वारा पम्पलेट व अन्य प्रचार सामग्री के वितरण तथा फसल बीमा के संबंध में अवगत कराने सहित विभिन्न स्थानों पर लगने वाले मेलों में भी कृषि रथ के माध्यम से किसानों को आवश्यक जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए गए। बताया गया कि कृषि रथ द्वारा प्रत्येक दिन तीन ग्राम पंचायतों में भ्रमण किया जाएगा। इस दौरान किसानों को जरूरी वैज्ञानिक सलाह भी दी जाएगी। बैठक में फसल बीमा लाभ के लिए अवधि में 15 जनवरी तक बढ़ोत्तरी, सरसों फसल को भी भावांतर योजना में शामिल करने, ई-टोकन के जरिए किसानों को निर्धारित रकवा अनुसार खाद के वितरण सहित कार्यक्रम के लिए तकनीकी दल और नोडल अधिकारी की नियुक्ति के संबंध में भी चर्चा हुई। उप संचालक ओ.पी. तिवारी ने बताया कि प्रत्येक विकासखण्ड में एक माह तक निर्धारित रूट चार्ट अनुसार कृषि रथ का संचालन किया जाएगा। इसके माध्यम से जैविक खेती एवं प्राकृतिक कृषि क्षेत्रों के विस्तार, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के प्रचार-प्रसार सहित एकीकृत पोषक तत्व, कीट एवं रोग प्रबंधन, कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के उपाय सहित फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने, कृषि योजनाओं के प्रचार-प्रसार तथा पराली प्रबंधन जैसे विषयों के बारे में भी अवगत कराया जाएगा। इसके लिए जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में 21 सदस्यीय जिला स्तरीय तथा एसडीएम की अध्यक्षता में विकासखण्ड स्तरीय 14 सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। बैठक में एसडीएम संजय कुमार नागवंशी सहित अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, उप संचालक पशुपालन डॉ. एन.के. गुप्ता एवं सहायक संचालक उद्यानिकी पी.के. श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।

# श्री ठाकुर बाबा क्रिकेट प्रीमियर लीग 2026 का भदैया और खोरा के बीच होगा फाइनल मुकाबला

### 11 जनवरी को ग्राम पंचायत खोरा के बड़ी फील्ड ग्राउंड में खेला जाएगा महामुकाबला

**पन्ना।** पन्ना जिले के अजयगढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत खोरा में शीतकालीन सीजन 2026 का वीरांगना अवंती बाई लोधी यूथ संगठन, खोरा के तत्वाधान में श्री ठाकुर बाबा क्रिकेट प्रीमियर लीग 2026 का भव्य आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी किया जा रहा है।



इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का शुभारंभ 1 जनवरी 2026 को हुआ, जिसमें धर्मपुर मंडल के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर की कुल 8 टीमों ने पंजीयन कर उत्साहपूर्वक सहभागिता की। टूर्नामेंट को ग्रुपों में विभाजित किया गया, जहाँ प्रत्येक टीम को तीन-तीन क्वालीफाइंग मुकाबले खेलने का अवसर मिला। सभी टीमों ने शानदार खेल भावना और अनुशासन के साथ अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया। दिनांक 9 जनवरी 2026 (शुक्रवार) को खेला गया पहला सेमीफाइनल मुकाबला ग्राम पंचायत भदैया और किरतपुर के बीच हुआ। भदैया टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 रन बनाए और किरतपुर को 101 रनों का लक्ष्य दिया। किरतपुर टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और पहले ही ओवर में बिना कोई रन बनाए तीन विकेट गिर गए। हालांकि, कल्याण राजा की बेहतरीन बल्लेबाजी ने मुकाबले को रोमांचक बना दिया और मैच अंतिम ओवर तक पहुँच गया। अंतिम ओवर में 10 रनों की आवश्यकता थी, लेकिन भदैया के गेंदबाज लवलेश लोधी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पूरी टीम को ऑलआउट कर दिया। इस प्रकार भदैया टीम ने 6 रनों से जीत दर्ज करते हुए पहली बार फाइनल में प्रवेश किया। इसी दिन खेला गया दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला ग्राम पंचायत खोरा और सरवंशी के बीच हुआ। खोरा टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 75 रन बनाए और सरवंशी को 76 रनों का लक्ष्य दिया। सरवंशी टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए दबाव में नजर आई और खोरा टीम की सटीक गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी। सरवंशी टीम आठवें ओवर में ऑलआउट हो गई और इस प्रकार खोरा टीम ने शानदार जीत के साथ फाइनल में अपनी जगह पक्की की। टूर्नामेंट का बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबला अब 11 जनवरी 2026, रविवार को प्रातः 11रू00 बजे से ग्राम पंचायत खोरा के बड़ी फील्ड ग्राउंड में भदैया बनाम खोरा के बीच खेला जाएगा।

**मुख्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति-**

दोनों सेमीफाइनल मुकाबलों का शुभारंभ ग्राम पंचायत खोरा के सरपंच शुभकांत सिंह लोधी, जनपद सदस्य आदरणीय लालाराम सिंह लोधी, पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी रमेश सिंह लोधी, ग्राम पंचायत रोजगार सहायक जसवंत सिंह अहिरवार तथा उत्तर प्रदेश के रेहुची ग्राम पंचायत के सरपंच अजानकी सिंह लोधी जी की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। सभी अतिथियों की मौजूदगी से खिलाड़ियों का उत्साह दोगुना हो गया। यह भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट पिछले कई वर्षों से वीरांगना अवंती बाई लोधी यूथ संगठन, खोरा के युवाओं द्वारा अत्यंत सफल और अनुशासित तरीके से आयोजित किया जा रहा है। टूर्नामेंट के आयोजक मंडल द्वारा क्षेत्र के समस्त खेल प्रेमियों से अपील की जाती है कि वे फाइनल मुकाबले में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें और इस क्रिकेट महासंग्राम का आनंद लें।

# कलेक्टर ने अपूर्ण कार्यों की समीक्षा कर दिए निर्देश




**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा क्रियान्वित सांसद एवं विधायक निधि तथा जनभागीदारी योजना के तहत अपूर्ण कार्यों की समीक्षा की तथा समय सीमा में अप्रारंभ एवं शेष कार्यों को पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में विभागवार स्वीकृत तथा लंबित कार्यों की जानकारी ली गई। बताया गया कि वर्तमान में जनपद पंचायत पन्ना अंतर्गत सर्वाधित 37 लंबित कार्य हैं, जबकि जनपद पंचायत अजयगढ़ में 24 तथा जनपद पंचायत शाहनगर में 17 एवं जनपद पंचायत पवई अंतर्गत कुल 15 लंबित कार्य हैं, जबकि नगर पालिका परिषद पन्ना तथा जनपद पंचायत गुनौर में लंबित कार्यों की संख्या 14-14 है। कुल 19 एजेंसियों के अपूर्ण कार्यों की विभागवार समीक्षा में पाया गया कि वर्तमान में जिले में सांसद निधि के 11 एवं विधायक निधि के 131 तथा जनभागीदारी के 7 कार्य बकाया हैं। जिला कलेक्टर द्वारा विभागीय अधिकारियों को एक सप्ताह में अपेक्षित प्रगति लाने, कार्यस्थल पर अनिवार्यतः सूचना पटल लगवाने तथा कार्य पूर्णता का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश भी दिए गए। बैठक में अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी एवं सहायक सांख्यिकी अधिकारी राजीव पटेल सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# आरटीओ ने वाहनों की जांच कर की चालानी कार्रवाई




**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार के निर्देशन में परिवहन विभाग की टीम द्वारा वाहनों की चेकिंग का अभियान संचालित किया गया है। ओवरलोड वाहन एवं बगैर दस्तावेज के संचालित यात्री एवं मालवाहक वाहनों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। आरटीओ सुनील शुक्ला द्वारा गत पांच दिवस में पन्ना एवं अमानगंज क्षेत्र में वाहनों की चेकिंग कर चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 92 हजार रूपए का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। आगामी दिवसों में भी वाहन चेकिंग का अभियान संचालित रहेगा।

## पूर्व सरपंच ब्रजगोपाल पांडेय का निधन



**पवई-** पवई जनपद के ग्राम इमलिया के पूर्व सरपंच और सत्य सरोवर एवं शिक्षक मानसरोवर पांडेय के पिता पंडित ब्रजगोपाल पांडेय का 83 वर्ष की आयु मे शुक्रवार को दुखद निधन हो गया अंतिम संस्कार ग्राम इमलिया मे हुआ उनके निधन पर सभीने अश्रुपूरित शोक श्रद्धांजलि




# बैंक द्वारा मृतक आश्रितों को सौंपा गया बीमा राशि का चेक

**पन्ना।** भारतीय स्टेट बैंक की शाहनगर शाखा द्वारा शुक्रवार को ग्राम ठेपा निवासी मृतक पूनम बाई आदिवासी के पति भगवानदास आदिवासी को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 2 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि का चेक सौंपा गया। गत 23 अक्टूबर को भगवानदास आदिवासी की पत्नी की मृत्यु हो गई थी। शाखा प्रबंधक घनश्याम प्रसाद पटेल एवं सेवा प्रबंधक विकास कुमार द्वारा मृतिका के पति को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। इसी तरह मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक मुख्य शाखा पन्ना की खाताधारक जमुना बाई कुशवाहा की कुएं में गिरकर पानी में डूबने से हुई मृत्यु पर बैंक ने बीमा क्लेम के रूप में 2 लाख रूपए प्रदान किए। मृतिका द्वारा 20 रूपए के वार्षिक प्रीमियम पर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का लाभ अपने बचत खाते से प्राप्त किया गया था। नाबार्ड के अधिकारी एवं लीड बैंक अधिकारी शमा बानो सहित एफएसएल अधिकारी ओ.पी. जोशी, शाखा प्रबंधक प्रशांत गौर, हर्षिल श्रीवास्तव, प्रमिला गुप्ता एवं अन्य शाखा स्टॉफ की उपस्थिति में मृतिका के नॉमिनी को चेक सौंपा गया। बैंक द्वारा ग्राहकों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान कर निरंतर बीमा करवाने के लिए प्रेरित किया जाता है।

### विधायक कप 2026 फाइनल आज, पन्ना शहर बनाम पन्ना ग्रामीण

# केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उईके होंगे मुख्य अतिथि, आईपीएल स्टार शशांक सिंह रहेंगे विशेष आकर्षण

**पन्ना।** मध्यप्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में आयोजित विधायक कप 2026 क्रिकेट टूर्नामेंट अपने अंतिम और निर्णायक पड़ाव पर पहुंच गया है। पन्ना विधानसभा क्षेत्र में खेल, संस्कृति और युवाओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला आज शनिवार को सुबह 10 बजे से खेला जाएगा। फाइनल मैच पन्ना शहर और पन्ना ग्रामीण की टीमों के बीच होगा। इस महामुकाबले के मुख्य अतिथि केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री दुर्गादास उईके, विशिष्ट अतिथि सांसद विष्णु दत्त शर्मा होंगे, जबकि पंजाब किंग्स इलेवन के आईपीएल खिलाड़ी शशांक सिंह विशेष आकर्षण के रूप में उपस्थित रहेंगे। टूर्नामेंट के समापन समारोह की अध्यक्षता स्वयं पन्ना विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री बृजेंद्र प्रताप सिंह करेंगे।



**पहला सेमीफाइनल पन्ना ग्रामीण-1 की एकतरफा जीत**

विधायक कप 2026 के सातवें दिन खेले गए पहले सेमीफाइनल में पन्ना ग्रामीण-1 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बृजपुर-1 को 40 रनों से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। टॉस जीतकर बृजपुर-1 ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। बल्लेबाजी करते हुए पन्ना ग्रामीण-1 ने निर्धारित 15 ओवर में 7 विकेट खोकर 113 रन बनाए। टीम की ओर से अंकित दहायत ने 33 गेंदों में 48 रन की नाबाद पारी खेली, जिसमें 7 चौके शामिल रहे। वहीं मुकेश मंडल ने 22 रन और लकी ने 13 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बृजपुर-1 की टीम 13.3 ओवर में 73 रन पर ऑलआउट हो गई। गेंदबाजी में अंकित दहायत ने ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए 3 ओवर में 11 रन देकर 4 विकेट झटके। चंदन सिंह यादव ने 3 विकेट और मनु ने 2 विकेट लिए। इस जीत के साथ कप्तान टोनी डाडा की अगुवाई में पन्ना ग्रामीण-1 ने फाइनल में जगह बनाई। दूसरे सेमीफाइनल में क्रिकेट प्रेमियों को सांसें थाम देने वाला मुकाबला देखने को मिला, जिसमें पन्ना सिटी-2 ने बृजपुर-2 को 1 विकेट से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बृजपुर-2 ने 15 ओवर में 7 विकेट खोकर 94 रन बनाए। डीके मंडल ने 32 रन, अजय द्विवेदी ने 24 रन और कप्तान मुलायम यादव ने 18 रन बनाए। पन्ना सिटी-2 की ओर से रिंकू ने 2 विकेट, जबकि अब्दुल शामी और गुलाम मोइन ने 1-1 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए पन्ना सिटी-2 की शुरुआत कमजोर रही, लेकिन सानू खरे 25 रन और अंत में गुलाम मोइन की नाबाद 12 रनों की पारी ने टीम को 14.3 ओवर में 95 रन तक पहुंचाकर जीत दिला दी। आज के मुकाबलों में अंपायर के रूप में सुरेंद्र सिंह परमार, शिवकुमार मिश्र, सूर्य प्रकाश तिवारी और बबलू यादव रहे। स्कोरिंग स्वप्निल खरे और जयराज विश्वास ने की, जबकि आंखों देखा हाल राजेश मिश्रा और राजकुमार रिछारिया ने सुनाया।

## खबर संक्षेप

### एनटीपीसी विंध्याचल में बीई असेसरों के सम्मान में इन-हाउस प्रतिभा संध्या का आयोजन

सिंगरौली। एनटीपीसी विंध्याचल ने बिज़नेस एक्सीलेंस (बीई) असेसमेंट टीम के दौरे के अवसर पर 7 जनवरी 2026 को शहनाई हॉल में एक भव्य इन-हाउस सांस्कृतिक एवं प्रतिभा संध्या का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात एनटीपीसी गीत ने पूरे वातावरण को गरिमामय और प्रेरणादायी बना दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) श्री संजीब कुमार साहा ने बीई असेसरों का हार्दिक स्वागत करते हुए उनके आगमन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह संध्या विंध्याचल की समृद्ध कार्य संस्कृति, सामूहिक सहभागिता और कर्मचारियों की बहुआयामी इन-हाउस प्रतिभा को प्रस्तुत करने का एक विशेष अवसर है। कार्यक्रम में क्वालिटी चैंपियन श्री एम. एस. श्रीनिवासन, वरिष्ठ असेसर श्री टी. आर. राजगोपालन एवं बीई असेसमेंट टीम की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही स्टेशन के वरिष्ठ नेतृत्व श्री ए. जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), श्री एम. सुरेश, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं एडीएम), श्री एस. के. सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफएम), डॉ. बी. के. भराली, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं) तथा सुश्री रुमा दे शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी गरिमा प्रदान की। विभागाध्यक्षों एवं बीई टास्क फोर्स के सदस्यों की सहभागिता ने बिज़नेस एक्सीलेंस यात्रा के प्रति सामूहिक स्वामित्व को दर्शाया। सांस्कृतिक संध्या में डीपीएस विंध्यनगर के विद्यार्थियों एवं सुहासिनी संघ (कल्याण शाखा) द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इसके पश्चात विभिन्न विभागों में बीई असेसरों के दौरे की झलकियों पर आधारित एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई।

# केंद्रीय सहकारी बैंक घोटालाः हाईकोर्ट में शाखा प्रबंधक अजय असाटी को राहत

**सहकारिता आयुक्त, बैंक महाप्रबंधक के पत्रों को खुली चुनौती दे रहे तत्कालीन शाखा प्रबंधक अजय असाटी, स्टे के लिए दौड़े हाई कोर्ट**

**बैंक सेवा समाप्ति के आदेश को हाई कोर्ट ने निरस्त कर अरुण पाठक को राहत दे दी, तो बैंक मुख्यालय द्वारा डबल बेंच में जाने की तैयारी, लेकिन तत्कालीन शाखा प्रबंधक अजय असाटी को हाई कोर्ट से राहत मिलने के लिए खुली छूट दे दी ?**






छतरपुर। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित छतरपुर शाखा बिजावर की मऊखेरा एवं गुलगंज सोसायटी में करीब 8 करोड़ 55 लाख 44 हजार 243 रूपए का अनियमितताएं ब्याज माफी के नाम पर की गई थी। जिसमें योजना का लाभ पात्र किसानों को न देकर अपात्र किसानों को दिया गया था जो की जांच में भी पाया गया था।

इस मामले में सहकारिता आयुक्त भोपाल ने बैंक महाप्रबंधक छतरपुर को पत्र लिखकर घोटालेबाज तत्कालीन बैंक मैनेजर अजय असाटी, समिति प्रबंधक रामकिशुन राजपूत के विरूद्व एफआईआर कराने के लिए 23 दिसम्बर को पत्र भेजा था। जिसमें बैंक महाप्रबंधक छतरपुर द्वारा अरुण पाठक का नाम भी मामला पंजीबद्ध कराने में जोड़ा गया था। लेकिन इस पत्र के मिलने के बाद 5 जनवरी 2026 को बैंक महाप्रबंधक ने बिजावर शाखा के बैंक मैनेजर को एफआईआर कराने का पत्र लिखकर अपना दायित्व तो पूरा कर लिया, लेकिन पत्र भेजे हुए 4-5 दिन बाद भी एफआईआर नहीं कराई गई, और ना ही बैंक महाप्रबंधक ने बिजावर शाखा प्रबंधक को तत्काल एफआईआर कराने के निर्देश दिए। जिससे अजय असाटी को हाईकोर्ट की शरण में जाने का पर्याप्त समय मिल गया और अजय असाटी ने हाईकोर्ट में रिट याचिका डब्लूपी 1031/2026 दायर कर सहकारिता आयुक्त और बैंक महाप्रबंधक के पत्र को खुली चुनौती दे दी। जबकि सहकारिता आयुक्त के पत्र के बाद बैंक महाप्रबंधक और बिजावर शाखा प्रबंधक के पास पर्यात्त समय था और थाने में मूल रिकार्ड उपलब्ध करा कर एफआईआर कराई जा सकती थी। बल्कि ब्याजमाफी योजना घोटाला करने बाले तत्कालीन बिजावर शाखा प्रबंधक अजय असाटी का साथ दिया, ताकि वह हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर कर स्थगन आदेश प्राप्त कर सके।

जबकि लोकायुक्त के संज्ञान में यह पूरा मामला है और लोकायुक्त से चर्चा के बाद ही सहकारिता आयुक्त ने एफआईआर कराने के लिए पत्र जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक छतरपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पत्र लिखा था लेकिन इसके बाद भी एफआईआर कराने में विलम्ब किया जाना कई संदेहों को जन्म दे रहा है। कहीं इस बड़े घोटाले में परदे के पीछे सहकारिता के बड़े बड़े चेहरे तो नहीं शामिल है, श्री असाटी को बचाने के लिए केवल कागजी तौर पर पत्राचार चल रहा है।

वहीं यह भी चर्चा है कि बैठक में स्टाफ उपसमिति ने आदेश में बैंक सेवा समाप्ति का आदेश तत्कालीन अरूण पाठक समिति प्रबंधक मऊखेरा, तत्कालीन रामकिशुन राजपूत समिति प्रबंधक गुलगंज को दे दिया गया था, बैंक सेवा समाप्ति के आदेश पर हाईकोर्ट ने बैंक स्टाफ समिति के आदेश को निरस्त कर अरुण पाठक को राहत दे दी थी। जिसमें बैंक मुख्यालय द्वारा डबल बेंच में जाने की तैयारी चल रही है। लेकिन तत्कालीन बिजावर शाखा प्रबंधक अजय असाटी को हाई कोर्ट से स्टे आने के लिए खुली छूट दे रखी है। समय रहते बैंक को भी अपना पक्ष रखना चाहिए, क्योंकि यह बैंक के लिए भी एक चुनौती है।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म शारीरिक शोषण का आरोप, मामला दर्ज



छतरपुर। सिटी कोतवाली क्षेत्र में एक युवती के साथ विवाह का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण किए जाने के मामले को लेकर महिला की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी युवक के विरुद्ध दुष्कर्म की धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है।

नगर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सोनी ने बताया कि पीड़ित युवती ने सिटी कोतवाली थाने पहुंचकर प्रशांत सेन नामक युवक के विरुद्ध लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। युवती का आरोप है कि प्रशांत ने उसे शादी का झांसा दिया और पिछले एक वर्ष से उसका लगातार शारीरिक शोषण करता रहा। जब युवती ने विवाह के लिए दबाव बनाया, तो आरोपी अपने वादे से मुकर गया। पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर प्रशांत सेन के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया है।

### कार्यस्थलों पर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना अनिवार्य, श्रम कानूनों एवं नियमों के अंतर्गत निर्देश जारी

छतरपुर। जिले के समस्त कार्यस्थलों पर श्रमिकों एवं कर्मचारियों को स्वच्छ एवं पीने योग्य जल उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। इस संबंध में श्रमायुक्त कार्यालय द्वारा विभिन्न श्रम कानूनों एवं नियमों के अंतर्गत निर्देश जारी किए गए हैं।जारी निर्देशों के अनुसार जिले की सभी औद्योगिक इकाइयों, कारखानों, निर्माण स्थलों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों तथा सेवा संस्थानों में कार्यरत श्रमिकों के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं गरिमा को ध्यान में रखते हुए कार्यस्थल पर पर्याप्त एवं स्वच्छ पेयजल (ड्रिंकिंग वाटर) की व्यवस्था करना नियोजकों का कानूनी दायित्व है। निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि पेयजल स्रोत स्वच्छ एवं सुरक्षित होना चाहिए, उसे स्पष्ट रूप से पेयजल के रूप में चिन्हित किया जाए तथा औद्योगिक उपयोग के गंदे जल से पृथक रखा जाए। साथ ही, नियमित जल आपूर्ति, साफ-सफाई एवं रखरखाव सुनिश्चित करना भी अनिवार्य होगा। श्रम पदाधिकारी छतरपुर ने समस्त विभागों, निर्माण एजेंसियों, व्यापारी संघों, दुकानों एवं प्रतिष्ठानों से निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। पेयजल की समुचित व्यवस्था न होने की स्थिति में संबंधित नियोजक/ठेकेदार के विरुद्ध संविदा श्रम (विनियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी नियोजक की होगी।

# नपा ने शुरू किया संपत्तिकर वसूली का विशेष अभियान



छतरपुर। नगर पालिका द्वारा शहर के राजस्व में वृद्धि और विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से संपत्तिकर वसूली का एक व्यापक अभियान शुरू किया गया है। नगर पालिका प्रशासन अब कार्यालय के बजाय सीधे जनता के द्वार तक पहुँच रहा है, जिसके लिए प्रत्येक वार्ड में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी माधुरी शर्मा ने बताया कि संपत्तिकर वसूली का यह विशेष अभियान 15 फरवरी तक निरंतर जारी रहेगा। योजना के अनुसार, शहर के सभी वार्डों में क्रमबद्ध तरीके से कैंप लगाए जाने हैं, जिनमें से अब तक 4 वार्डों में शिविर संपन्न हो चुके हैं। सीएमओ ने आमजन से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते अपने करों का भुगतान करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर पालिका के राजस्व में जितनी अधिक वृद्धि होगी, शहर में विकास कार्यों को उतनी ही अधिक प्राथमिकता और मजबूती से पूरा किया जा सकेगा। वर्तमान में नगर पालिका की टीमें घर-घर जाकर भी लोगों को कर जमा करने के लिए प्रेरित कर रही हैं, ताकि निर्धारित समय सीमा के भीतर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

# राजस्व अधिकारी वसूली बढ़ाएं और अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाएं : कलेक्टर

## नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन के लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश

छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में एडीएम मिलिंद नागदेवे, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार सहित नायब तहसीलदार उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जैसवाल ने नामांतरण के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि कोर्ट में पेशी बढ़ाएं और 3 से 6 माह के लंबित प्रकरण प्राथमिकता के साथ निराकरण करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन तहसीलों में अधिक प्रकरण लंबित हैं वहां के तहसीलदार, नायब तहसीलदारों को शोकॉज जारी करें। साथ ही रीडर की 7 दिन की वेतन काटें। कलेक्टर ने 6 माह से अधिक केस लंबित होने पर तहसीलदार नौगांव को शोकॉज एवं रीडर की 7 दिन की वेतन काटने के निर्देश। साथ ही नायब तहसीलदार पठा एवं बिजावर तहसीलदार को शोकॉज एवं रीडर की 7 दिन की वेतन काटने के निर्देश। कलेक्टर ने सीमांकन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए 45 दिवस से अधिक के केस लंबित रहने पर नायब तहसीलदार सौरा पर कड़ी नाराजगी जताई और वेतन काटने के निर्देश दिए।



### अभिलेख दुरुस्ती के लंबित प्रकरणों को शीघ्र डिस्पोज करने के निर्देश

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि बंटवारा में 85 प्रतिशत से अधिक निराकरण रहे। उन्होंने तीन से 6 माह के प्रकरण जल्द डिस्पोज करने के विशेष रूप से तहसीलदार छतरपुर एवं नायब तहसीलदार सड़वा को निर्देश दिए। कलेक्टर ने अभिलेख दुरुस्ती के लंबित प्रकरणों को जल्द से जल्द डिस्पोज करने के राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने साइबर तहसील 1.0 सौरा, नौगांव, पठा, महेबा को निराकरण के निर्देश दिए।

### एसडीएम को कार्य की मॉनिटरिंग के निर्देश

कलेक्टर ने तहसीलदारों को वसूली बढ़ाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने वसूली नहीं करने पर तहसीलदार बिजावर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने फॉर्मर रजिस्ट्री में परफोर्मेंस ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर कहा तहसील कार्यालय में पटवारियों को बैठाकर खसरा की आईडी में लिंक कराएं। उन्होंने एसडीएम को कार्य की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही नक्शा तरमीम और भूमि बंधक के लंबित प्रकरण निराकरण के निर्देश दिए।

### 300 दिवस की शिकायतों को 20 जनवरी तक संतुष्टि से बंद कराने के निर्देश

कलेक्टर ने राजस्व से संबंधित 300 दिवस की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण के लिए 20 जनवरी तक शतप्रतिशत निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही 50 दिवस की शिकायतों में संबंधित व्यक्ति को पटवारी के माध्यम से बुलाकर उनसे बात करें और विशेष कैंप लगाकर समाधान करें। कलेक्टर ने ललितपुर सिंगरौली रेल लाइन में भू अर्जन के बकाया मुआवजा भुगतान करने के निर्देश दिए और सागर कबरई हाइवे से जुड़े कब्जे हटाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने अभी तक हटाए गए अतिक्रमण की जानकारी भी मांगी। कलेक्टर ने मंदिरों से जुड़े विवादों के संबंध में जानकारी लेते हुए निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने लोकसेवा गारंटी में राजस्व प्रकरणों को दर्ज नहीं करने पर राजस्व अधिकारियों पर कड़ी नाराजगी जताई और तहसील स्तर पर लोकसेवा संचालकों का अनुदान रोकने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा जिस तहसील में लोकसेवा के माध्यम से शून्य आवेदन हैं, तो संबंधित तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस जारी करें।

# सुपरवाईजर सैम बच्चों की ट्रैकिंग ठीक से करें, पोषण ट्रैकर पर एण्ट्री सुनिश्चित करें : कलेक्टर

छतरपुर




महिला बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक शुक्रवार को कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में एडीएम मिलिंद नागदेवे, डीपीओ महिला बाल विकास दिनेश दीक्षित, सीडीपीओ एवं सुपरवाइजर उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जैसवाल ने पोषण ट्रैकर पर दर्ज सैम एवं मैम के बच्चों के वजन, ट्रैकिंग की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि सैम एवं मैम बच्चों को ठीक से चिन्हांकन करें और पोषण ट्रैकर पर एण्ट्री करें। उन्होंने सैम एवं मैम बच्चों के रजिस्ट्रेशन 7 से 8 दिनों में एमएमबास्क पर शत प्रतिशत कराने के निर्देश परियोजना अधिकारी एवं सुपरवाईजर को दिए।

कलेक्टर ने सैम मैम बच्चों के एसयूडब्ल्यू रिकवरी रेट की समीक्षा करते हुए कहा कि फॉलअप ठीक से करें, जिसमें पोषण देना जिससे बच्चों का वजन बढ़े एवं रिकवरी रेट सुधरे इसके लिए सीडीपीओ एवं सुपरवाइजर को निर्देशित किया और कहा कि फॉलोअप ठीक से नहीं किया गया तो कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने कार्यों की ठीक से समीक्षा ना करने पर सीडीपीओ पर नाराजगी जताई। कलेक्टर ने सैम मैम बच्चों के चिन्हांकन में लापरवाही पर छतरपुर ग्रामीण की 4 सुपरवाईजर, बिजावर परियोजना की गुलगंज सुपरवाईजर, राजनगर 1 अंतर्गत 1 सुपरवाईजर की 1-1 दिन की वेतन काटने के निर्देश दिए।

### सुपरवाईजरों की वेतन काटने के निर्देश

गौरिहार में दो आंगनवाड़ी में बच्चों को प्री स्कूल एजुकेशन नहीं देने पर कलेक्टर ने संबंधित आंगनवाडिय़ों की 2 सुपरवाइजर का 3-3 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। एवं गौरीहार में एक आंगनवाड़ी कम खुलने पर सुपरवाइजर की एक दिवस की वेतन काटने के निर्देश दिए। 3 माह से 6 साल के बच्चे, प्रेगनेंट एवं लैक्टेटिंग वुमन एवं टीएचआर पाने वाली महिलाओं की आधार फेस मैचिंग एवं फेस कैप्चरिंग बढ़ाने के गौरीहार, ईशानगर 2 परियोजना अधिकारी को निर्देशित किया। कलेक्टर ने टीएचआर वितरण, एचसीएम वितरण की भी समीक्षा की। जिसमें बक्सवाहा एवं ईशानगर 2 में वितरण बढ़ाने और पोषण ट्रैकर में वितरण एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अपार आईडी एवं आभा आईडी में जिन बच्चों के आधार कार्ड नहीं है, उनकी समस्या निराकरण कर आधार कार्ड बनवाएं।

### खराब प्रगति पर बड़ामलहरा-1 के सुपरवाइजर को शोकॉज -

कलेक्टर ने लाडली लक्ष्मी योजना के आवेदनों की समीक्षा करते हुए कहा कि योजना के कोई भी पात्र हितग्राही छूटे नहीं, उनकी समग्र आईडी बनवाकर निराकरण करें। और घर घर जाकर सर्वे करें, जिससे कोई बच्ची छूटे नहीं। उन्होंने कहा कि सादी होकर आई महिला की समग्र आईडी बनवाकर, बच्ची के जन्म के 15 दिवसों में ही समग्र में नाम जुड़वाए जिससे योजना का लाभ हितग्राही को समय पर मिल सके। कलेक्टर ने मातृ वंदना योजना में खराब प्रगति पर बड़ामलहरा 1 के सुपरवाइजर को शोकॉज जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना एवं स्पॉन्सरशिप योजना के बारे में कहा कि याजना में संवेदनशीलता के साथ आवेदन कराएं, यदि किसी सर्वे में अनाथ बच्चा पाया गया तो सीडीपीओ इसके लिए जिम्मेदार होंगे। कलेक्टर ने सुकन्या समृद्धि योजना में लक्ष्य के विरुद्ध कम खाते खोले जाने पर नाराजगी जताई। उनकी आधार समस्या के लिए कैंपों में निराकरण कर खाते खुलवाएं। कलेक्टर ने प्रबंधक ई गवर्नेंस को निर्देशित किया कि एक वर्ष की ऊपर के बच्चों के आधार बनवाए जाने हेतु कैंप के लिए शेड्यूल तैयार कर सीडीपीओ के माध्यम से निराकरण कराएं। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन को लंबित शिकायतों में परियोजना अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ए ग्रेडिंग प्राप्त करें। साथ ही बक्सवाहा सीडीपीओ की खराब प्रगति पर एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लाडली लक्ष्मी और लाडली बहना योजना की शिकायत को प्राथमिकता से निराकारण करें।

# पिंकी रैकवार निर्विरोध बनी ग्राम पंचायत सीलौन की सरपंच



**पूर्व सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के बाद हुआ चुनाव**

छतरपुर। राजनगर जनपद अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सीलौन में पूर्व सरपंच के विरुद्ध लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के बाद, शुक्रवार को नए सरपंच का चुनाव हुआ। चुनाव में पिंकी रैकवार को निर्विरोध नया सरपंच चुना गया है। इस निर्वाचन के साथ ही पंचायत में लंबे समय से चल रही खींचतान और प्रशासनिक गतिरोध समाप्त होने की उम्मीद है।

जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत सीलौन के विकास कार्यों की स्थिति को लेकर वार्ड पंचों में लंबे समय से असंतोष व्याप्त था। सदस्यों का आरोप था कि पूर्व सरपंच सोना रैकवार द्वारा गांव के विकास में रुचि नहीं ली जा रही है, जिसके कारण मूलभूत सुविधाएं ग्रामीणों तक नहीं पहुँच पा रही थीं। इसी को आधार बनाकर पंचायत के सभी वार्ड सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था। शुक्रवार को निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान वार्ड क्रमांक 14 के सदस्यों की मौजूदगी में चुनाव अधिकारी रामकिशुन पटेल (पंचायत समन्वयक अधिकारी) ने कार्यवाही संपन्न कराई। बैठक में सदस्य प्रभु दयाल यादव ने सरपंच पद के लिए पिंकी रैकवार के नाम का प्रस्ताव रखा, जिस पर सभी 14 वार्ड सदस्यों ने अपनी सर्वसम्मति देते हुए मतदान किया। किसी अन्य दावेदार के सामने न आने पर पिंकी रैकवार को निर्विरोध सरपंच निर्वाचित घोषित कर दिया गया। नवनिर्वाचित सरपंच की घोषणा होते ही ग्राम पंचायत भवन में जश्न का माहौल छा गया। वार्ड सदस्यों और ग्रामीणों ने गाजे-बाजे और पुष्पमालाओं के साथ नई सरपंच का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर ग्राम सचिव, रोजगार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। नवनियुक्त सरपंच पिंकी रैकवार ने अपनी प्राथमिकताएं गिनाते हुए कहा कि वे सभी वार्ड सदस्यों को साथ लेकर गांव के रुके हुए विकास कार्यों को गति देंगी। इस निर्वाचन के बाद ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि अब पंचायत के कार्यों में पारदर्शिता आएगी और सिलोन गांव के विकास को नई दिशा मिलेगी।

# नवनिर्माण तोरण द्वार गिर जाने से एक मजदूर की मौत, 2 घायल और कुछ मामूली घायल

**घटिया सामग्री लगाने लोगों ने लगाए नपा और ठेकेदार पर गंभीर आरोप**

नौगांव



नगरपालिका परिषद द्वारा शहर में कराए जा रहे सौंदर्यीकरण को लेकर नगर के आरा मशीन डिस्टलरी चौराहा पर एक तोरण द्वार का निर्माण किया जा रहा था जिसमें एक मजदूर की मौत तो वहीं 2 मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें घायल अवस्था में स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। घायलों की गंभीर अवस्था को देख कर उन्हें डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार नगरपालिका अंतर्गत डिस्टलरी चौराहा धोर्रा रोड पर बनाया जा रहा तोरण द्वारा बनते बनते गिर गया। तोरण द्वार नवनिर्माण में लगे मजदूर मिलन बुनकर निवासी करारागंज की मौत हो गई। तो वहीं अन्य दो मजदूरों को घायल अवस्था में स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टरों ने प्रथम उपचार के बाद जिला चिकित्सालय के लिए रेफर किया है। घायलों में संतोष अहिरवार ग्राम चंदौरा, भान प्रताप कुशवाहा निवासी धोर्रा बताए गए हैं।

जैसे ही घटना की जानकारी प्रशासन को लगी मौके पर एसडीएम जीएस पटेल, एसडीओपी अमित मेश्राम, तहसीलदार श्री कोल, थाना प्रभारी वाल्मीक चौबे एवं नायब तहसीलदार सहित नपा पार्षद मौके पर मौजूद रहे।

बताया जाता है कि जब यह तोरण द्वार बन रहा था तब वहां नौगांव नगरपालिका के उपयंत्री मौजूद नहीं थे काम ठेकेदार की देखरेख में चल रहा था।

### प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार टुकड़ों में लगाया सरिया -

नगर के धोर्रा रोड पर चल रहे नवनिर्माण में तोरण द्वार में टुकड़ों में लगा सरिया और बालू घटिया किस्म की लगाई जिससे तोरण द्वार के पिलर वजन नहीं उठा सके और भर भरा कर गिर गए। इस काम में लगी जेसीबी मशीनें जहां मजदूरों को निकालने देर शाम तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलता रहा।

### इनका कहना है

अभी घायलों को निकाला गया है, और उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया है। जो निर्माण कार्य में खामियां हैं उनकी जांच कराई जाएगी, जो भी मुमकिन होगा वह किया जाएगा शासन की तरफ से हर मुमकिन मदद की जाएगी।

**जीएस पटेल**
एसडीएम, नौगांव

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत यातायात पुलिस द्वारा आयोजित किया गया जागरुकता कार्यक्रम

सिंगरौली- सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार माह जनवरी 2026 को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के रूप में मनाया जा रहा है। इस वर्ष की थीम "सड़क सुरक्षा – जीवन रक्षा" यह संदेश देती है कि सड़क पर अपनाया गया प्रत्येक सुरक्षित कदम किसी न किसी के जीवन की रक्षा कर सकता है। आज दिनांक 09.01.25 को यातायात पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न चौराहों एवं तिराहे पर आम जन को यातायात नियमों की जागरूक किया गया एवं बैनर पोस्टर लगाया गया

**सड़क सुरक्षा का महत्व**

सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक होने का दायित्व है। हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना, गति सीमा का पालन करना, नशे की हालत में वाहन न चलाना जैसे छोटे-छोटे प्रयास मिलकर गंभीर सड़क दुर्घटनाओं को रोक सकते हैं। सड़क सुरक्षा अपनाकर हम न केवल अपना, बल्कि अपने परिवार और समाज का भविष्य भी सुरक्षित करते हैं।

**राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत प्रस्तावित गतिविधियाँ**


**शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता अभियान**

स्कूल, कॉलेज एवं तकनीकी संस्थानों में सड़क सुरक्षा विषय पर व्याख्यान, निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, क्विज एवं नुक्कड़ नाटक आयोजि किया जा रहा है जिससे बच्चों एवं युवाओं में प्रारंभ से ही सुरक्षित यातायात व्यवहार विकसित हो सके

**सामुदायिक सहभागिता**

ग्राम सभाओं, रेज़िडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (**RWA**) एवं स्थानीय निकायों के माध्यम से रैली, साइकिल/वॉकथॉन, शपथ कार्यक्रम एवं स्थानीय भाषा में संदेशों द्वारा जन-जागरूकता बढ़ाई जा रही हैं

**मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग**




टीवी, रेडियो, समाचार पत्र एवं सोशल मीडिया के माध्यम से शॉर्ट वीडियो, इन्फोग्राफिक्स एवं वास्तविक जीवन की कहानियों को साझा किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक लोग जागरूक हों तथा हैशटैग अभियानों के माध्यम से युवाओं तक संदेश शीघ्र पहुँचे।

**प्रवर्तन एवं परामर्श का संतुलन**

यातायात पुलिस द्वारा नियमों का सख्ती से पालन कराए जाने के साथ-साथ वाहन चालकों को परामर्श देकर सुरक्षित आदतें अपनाने हेतु प्रेरित किया जाएगा। चेतावनी नोटिस, रिफ्रेशर ट्रेनिंग एवं ऑन-रोड डेमो के माध्यम से प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

**जागरूकता कार्यक्रम**

यातायात पुलिस सिंगरौली द्वारा आज शहर के प्रमुख चौराहों एवं तिराहों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई तथा पोस्टर, बैनर एवं पंपलेट वितरित किए गए।

**अपील**

सिंगरौली पुलिस आमजन से अपील करती है कि यातायात नियमों का पालन करें, सुरक्षित ड्राइविंग अपनाएँ और सड़क दुर्घटनाओं से स्वयं एवं दूसरों को बचाएँ।

# समाजसेवी चिंटू खान के नेतृत्व में जरूरतमंदों को वितरित किए गए कंबल

सिंगरौली



युवा समाजसेवी चिंटू खान के नेतृत्व में सिंगरौली जिले में ठंड से बचाव के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जिला चिकित्सालय के सामने, बस स्टैंड बैढ़न, विन्ध्यनगर, बिलौजी और माजन मोड़ पर जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए।

इस पहल के दौरान लगभग 40 कंबल बांटे गए, ताकि ठंड के इस कड़ाके में गरीब और असहाय लोगों को राहत मिल सके। इस कार्यक्रम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के महामंत्री संजय खान फरदीन भी उपस्थित रहे और उन्होंने इस समाजसेवी कार्य की सराहना की।

चिंटू खान ने कहा कि ठंड के मौसम में यह छोटे प्रयास उन लोगों के लिए बड़े मददगार साबित हो सकते हैं, जिनके पास ठंड से बचने का कोई साधन नहीं है। उन्होंने समाज के अन्य वर्गों से भी इस प्रकार के नेक कार्यों में भाग लेने की अपील की।

**खबर संक्षेप**

## किसानों को अब खाद के लिए नहीं लगानी पड़ेगी लाइन, ई टोकन से बंटेगी खाद

**रीवा** । किसानों को खाद वितरण में होने वाली परेशानियों को दूर करने के लिए ई टोकन के माध्यम से खाद वितरण की व्यवस्था की गई है। इस संबंध में संभागीय संयुक्त संचालक कृषि कल्याण यूपी बागरी ने बताया कि रीवा संभाग के सभी जिलों में ई टोकन के माध्यम से खाद का वितरण किया जाएगा। खाद प्राप्त करने के इच्छुक किसान ई टोकन प्राप्त करने के लिए ई टोकन पोर्टल पर पंजीयन करा लें। किसानों द्वारा दर्ज किए गए जमीन के रकबे के अनुसार निर्धारित मात्रा में खाद दी जाएगी। जारी होने के तीन दिन तक ई टोकन वैध रहेगा पोर्टल में खाद बिक्री केन्द्रों में उपलब्ध खाद की मात्रा दिखाई जा रही है। फार्मर रजिस्ट्री कराने वाले किसानों को ई टोकन जारी किए जाएंगे। इसमें प्रत्येक किसान की जमीन का विवरण दर्ज है। सहकारी समितियों के सदस्य किसान सहकारी समितियों से तथा गैर खाताधारक किसान नजदीकी निजी विक्रेताओं से खाद ले सकेंगे। प्रत्येक डबल लॉक सेंटर से प्रतिदिन तीन सौ टोकन जारी किए जाएंगे। टोकन प्राप्त करने के बाद किसान अपनी सुविधा से अगले तीन दिन खाद की खरीद कर सकते हैं। ई टोकन व्यवस्था लागू हो जाने से अब खरीदी केन्द्रों में टोकन के लिए लाइन लगाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। किसान अपने मोबाइल अथवा कॉमन सर्विस सेंटर से ई टोकन प्राप्त कर सकते हैं।

## वन स्टॉप सेंटर के प्रयासों से फिर से एक हुआ परिवार

**कटनी**। वन स्टॉप सेंटर के प्रयास से एक परिवार फिर से एक हो गया। ग्राम बाँध विकासखंड ढीमरखेड़ा निवासी महिला ने घरेलू विवादों से परेशान होकर अपने दो बच्चों, तीन वर्ष की बेटी एवं दो माह के बेटे के साथ घर छोड़ने का निर्णय लिया एवं वे कटनी पहुंची। महिला द्वारा सहायता हेतु वन स्टॉप सेंटर कटनी में सम्पर्क कर अपनी समस्या रखी गई। वन स्टॉप सेंटर द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से महिला एवं उनके बच्चों को तत्काल रेस्क्यू कर सेंटर में अस्थाई आश्रय प्रदाय किया गया। प्रशासक, वन स्टॉप सेंटर, कटनी द्वारा महिला की समस्या को धैर्यपूर्वक सुना गया एवं उनके घर पर भी सम्पर्क किया गया। महिला के पति से चर्चा करने पर उन्होंने स्वास्थ्य सम्बन्धी कारणों से सेंटर तक पहुंचने में असमर्थता व्यक्त की गई। तदुपरांत महिला की सहमति से प्रशासक द्वारा महिला के घर जाकर उन्हें एवं उनके पति को परामर्श प्रदाय किये जाने का निर्णय लिया गया। वन स्टॉप सेंटर की टीम महिला एवं उनके बच्चो को लेकर उनके घर पहुंची जहां महिला एवं उनके पति को परामर्श दिया गया कि वे आपसी समन्वय से समस्याओं का समाधान करें एवं एक दूसरे को सम्मान दें। महिला एवं उनके पति द्वारा प्रदाय परामर्श पर सहमति व्यक्त की गई। अब दोनों अपने बच्चों के एक साथ रह रहे हैं।

## किसान भाई अब 15 जनवरी तक करा सकेंगे रबी फसलों का बीमा

**कटनी**। रबी विपणन वर्ष 2025-26 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसलों का बीमा कराने हेतु पंजीयन की अंतिम तिथि 15 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने बताया कि रबी मौसम में सभी अनाज, दलहन, तिलहन फसल हेतु बीमित राशि का अधिकतम 1.5 प्रतिशत मात्र प्रीमियम कृषक भाईयों द्वारा देय है।

ऋणी कृषकों ने जिस बैंक से फसल ऋण लिया है वह उस बैंक में अपना बीमा करवायें। जबकि अऋणी कृषक, 15 जनवरी तक किसान क्रेडिट कार्ड पर फसल ऋण प्रदायकर्ता बैंको, सहकारी समितियों तथा अऋणी किसान बैंक, जन सेवा केंन्द्र (सीएससी), ग्राम पंचायत स्तर पर जन सेवा केंन्द्र के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं। बीमा कराने के लिए कृषकों को घोषणा पत्र, आधार कार्ड, जमीन सिकमी होने पर इसका शपथ पत्र, ऋण पुस्तिका, बैंक खाते का विवरण, बुवाई प्रमाण पत्र लेकर जाना होगा।

# कबाड़ में तब्दील होते जा रहे जब्त वाहन, थानों की बिगाड़ रहे शोभा, गाड़ियों पर धूल की मोटी परत, पौधे और झाड़ियां भी उगे




**रीवा** । शहर के थानों का नजारा इन दिनों किसी कबाड़ खाने से कम नजर नहीं आता। वर्षों से जब्त सैकड़ों वाहन पुलिस थानों की शोभा बिगाड़ रहे हैं। स्थिति यह है कि इन वाहनों पर धूल मोटी परतें जम चुकी है और कई गाड़ियों के बीच से तो अब पेड़ पौधे और झाडियां निकल आई हैं। शहरी क्षेत्र के चोरहटा, सिविल लाइन सिटी कोतवाली और विश्वविद्यालय जैसे प्रमुख थानों के परिसर में दोपहिया से लेकर फोर व्हीलर और ट्रक आदि भी जब्त हैं। खुले आसमान के नीचे रखे ये वाहन कभी धूप और कभी बारिश की मार झेलते अब कबाड़ में तब्दील हो गए हैं। टायर गल चुके हैं, इंजन जाम हो गए हैं और बॉडी में जंग लग चुकी है। इनमें से कई गाड़ियां ऐसी है जिनकी कीमत लाखों में है, लेकिन कानूनी प्रक्रियाओं की पेचीदगी और नीलामी में देरी के कारण ये शासन और जनता दोनों के लिए घाटे का सौदा साबित हो रही हैं। नियमों के मुताबिक, जिन वाहनों का मामला न्यायालय में लंबित है,उन्हें फैसला आने तक सुरक्षित रखना होता है। वहीं, जिन वाहनों पर कोई दावा नहीं करता, उनकी समय-समय पर नीलामी की जानी चाहिए। जिले में वर्षों बाद वर्ष 2025 में नीलामी की प्रक्रिया कराई गई, लेकिन इसके बाद भी बड़ी संख्या में अभी जब्त वाहनों का निराकरण नहीं हो पाया। वही वाहनों के आपस इतनी घास और पेड़ पौधे उग आए है कि अब इनमें जहरीले जीव-जंतुओं ने अपना डेरा डाल लिया है। जानकारी आदि निकलते हैं। बारिश के अनुसार यहां अकसर सर्प मौसम में कई बार लोगों ने रूप को देखा है।नीलामी के प्रयास तो किए लेकिन फंस गया पेंचजिले के पूर्व पुलिस कप्तान विवेक सिंह ने जब्त वाहनों के नीलामी को लेकर अच्छी पहल की थी। लेकिन रीवा शहर के थानों के साथ ही सगरा थाना में जब्त वाहनों की नीलामी प्रक्रिया में पेंच फंस गया। जानकारी के अनुसार नीलामी प्रक्रिया को लेकर तत्कालीन एसडीएम द्वारा कुछ कमियां बताई थी। इस वजह से यह प्रक्रिया अधर में लटक गई। हालांकि पुलिस अधिकारियों का दावा है कि कमियों को दूर कर शहरी थानों के भी वाहनों की नीलामी प्रक्रिया को जल्द ही पूरा करा लिया जाएगा। यहां जब्त वाहनों की ऐसी स्थिति हो गई है कि लोग अपने वाहन नहीं पहचान पाते। इन वाहनों की ऐसी स्थिति हो जाने से ज्यादातर लोग इसे वापस भी नहीं चाहते हैं। यही वजह है कि ऐसे वाहनों की संख्या काफी तादात में हो गई है। यदि जब्त वाहनों का रख-रखाव ठीक से हो तो वाहनों की ऐसी स्थिति न हो। कई ऐसे थाने हैं, जहां स्थान की कमी है। ऐसे में थाना परिसर में अव्यवस्थित रूप से रखे वाहनों की वजह से स्टॉफ सहित अन्य लोगों को आने-जाने में भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। शहर के समान और विश्वविद्यालय थाना में इस तरह की समस्या ज्यादा है।थानों में शेड निर्माण की आवश्यकताथानों में जब्त वाहनों को रखने के कोई माकूल इंतजाम नहीं है। खुले आसमान के ही नीचे इन वाहनों को रख दिया जाता है। इनका रख-रखाव ठीक न होने की वजह से धीरे-धीरे ये कबाड़ हो जाते हैं।

# जिले में फिर सक्रिय हुआ बाइक चोर गिरोह, शिल्पी प्लाजा लगातार हो रही चोरी की घटनाएं, व्यापारियों में दहशत

**रीवा** । शहर में एक बार फिर बाइक चोर गिरोह सक्रिय हो गया है। लगातार हो रही दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं से शहर के व्यापारियों और आम नागरिकों में भय का माहौल बन गया है। खासकर शहर के प्रमुख व्यावसायिक केंद्र शिल्पी प्लाजा बाजार को चोरों ने अपना पसंदीदा अड्डा बना लिया है, जहां से आए दिन बाइक चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं। जानकारी के अनुसार बीते कुछ दिनों में शिल्पी प्लाजा क्षेत्र से आधा दर्जन से अधिक बाइक चोरी हो चुकी हैं। ताजा मामला शिल्पी प्लाजा बी-ब्लॉक के पीछे का है, जहां एक शातिर चोर काफी देर तक इलाके में चहल-कदमी करता हुआ सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ। इसके बाद पलक झपकते ही उसने पार्किंग में खड़ी एक व्यापारी की बाइक पर हाथ साफ कर दिया और मौके से फरार हो गया।लगातार सामने आ रही घटनाओं के बावजूद चोरों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। कई मामलों में आरोपी सीसीटीवी फुटेज में कैद जरूर हुए हैं, लेकिन नकाबपोश होने के कारण उनकी पहचान नहीं हो पा रही है। इससे पुलिस की जांच भी प्रभावित हो रही है और अब तक किसी बड़े गिरोह तक पहुंचने में सफलता नहीं मिल सकी है।व्यापारियों का कहना है कि शिल्पी प्लाजा के आसपास डीआईजी कार्यालय सहित अन्य महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालय भी स्थित हैं, इसके बावजूद चोरी की घटनाओं पर लगाम नहीं लग पा रही है। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि बी-ब्लॉक के पीछे असामाजिक तत्वों का लगातार जमावड़ा बना रहता है, जिससे क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है।लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को लेकर व्यापारियों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि दिनदहाड़े पार्किंग से वाहन चोरी हो जाना सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।



## मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का रीवा एयरपोर्ट में हुआ आत्मीय स्वागत

रीवा ।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सीधी जिले के बहरी में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए भोपाल से वायुयान द्वारा रीवा एयरपोर्ट पहुंचे। रीवा एयरपोर्ट में डॉ यादव का आत्मीय स्वागत किया गया। सांसद जनार्दन मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह, विधायक त्योंथर सिद्धार्थ तिवारी, विधायक रामपुर बघेलान विक्रम सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, डीआईजी हेमंत चौहान, कलेक्टर प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, डॉ अजय सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव हेलीकाप्टर द्वारा बहरी के लिए रवाना हुए।

# कलेक्टर ने ज्ञानोदय विद्यालय का किया आकस्मिक निरीक्षण, विद्यालय एवं छात्रावास में साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के दिए निर्देश

रीवा

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित ज्ञानोदय विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में संचालित कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद करते हुए पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रम की जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों से पूछा कि वह पढ़-लिखकर क्या बनना चाहते हैं।



विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ बताया कि हम डॉक्टर बनना चाहते हैं। किसी ने एनडीए पास कर देश सेवा करने की बात कही, तो किसी ने पुलिस विभाग में जाकर सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने के बारे में कहा। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से कहा कि पूरे लगन के साथ लक्ष्य लेकर विद्या अध्ययन करें। अपनी विषय की किताबों का गंभीरता से अध्ययन कर अच्छे नम्बरों से पास होकर अपने संकल्प को प्राप्त करें। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से प्रयोगशाला में कार्य करने तथा स्मार्ट क्लास के माध्यम से शिक्षा ग्रहण करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय भवन एवं छात्रावास में साफ-सफाई सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अनुपस्थित शिक्षकों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने बालक एवं बालिका छात्रावासों में बच्चों से व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने दोनों छात्रावासों में गरम पानी के लिए गीजर की व्यवस्था कराने तथा रोटी मेकर लगाए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने छात्रावास के स्टोर में खाद्य सामग्री का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम डॉ अनुराग तिवारी, जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग रूचि तिवारी, नायब तहसीलदार यतीश शुक्ला सहित विद्यालय के प्राचार्य उपस्थित रहे।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका पदों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि आज, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के 22 तथा सहायिका के 52 पदों में होगी भर्ती

महिला एवं बाल विकास के तहत संचालित बाल विकास परियोजनाओं में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के 22 पदों और सहायिका के 52 पदों पर भर्ती की जा रही है। इसके लिए केवल ऑनलाइन आवेदन 10 जनवरी तक किया जा सकता है।

**रीवा**। पात्र महिला उम्मीदवार एमपी ऑनलाइन द्वारा तैयार चयन पोर्टल पर 10 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह ने बताया कि सभी पद पूरी तरह से अस्थाई और मानदेय पर आधारित हैं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के लिए परियोजना रायपुर क्रमांक एक में तीन, रीवा शहरी में एक, जवा में चार, रीवा ग्रामीण में एक, सिरमौर एक में चार, सिरमौर दो में एक, त्योंथर में एक, रायपुर कर्चुलियान परियोजना दो में दो, गंगेव परियोजना दो में तीन तथा रीवा परियोजना दो में दो पदों पर भर्ती की जा रही है।आंगनवाड़ी सहायिका पद के लिए परियोजना रायपुर क्रमांक एक में पाँच, रीवा शहरी में 10, जवा में 11, परियोजना गंगेव एक में तीन, रीवा ग्रामीण एक में दो, सिरमौर एक में चार, सिरमौर दो में दो, त्योंथर में चार, रायपुर कर्चुलियान परियोजना दो में दो, गंगेव परियोजना दो में चार तथा रीवा परियोजना दो में पाँच पदों पर भर्ती की जा रही है। शैक्षणिक योग्यता तथा अन्य अर्हताओं की जानकारी चयन पोर्टल पर देखी जा सकती है। आवेदन जिस आंगनवाड़ी केन्द्र के लिए किया गया है आवेदिका को ग्रामीण क्षेत्र में उसी गांव तथा शहरी क्षेत्र में उसी वार्ड का निवासी होना अनिवार्य है। इसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता हायर सेकण्डरी पास निर्धारित की गई है। आवेदिका की आयु एक जनवरी 2025 की स्थिति में 18 से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। आवेदन पत्र भरने के बाद यदि उसमें किसी तरह की त्रुटि अथवा सुधार की जरूरत है तो उसे 12 जनवरी तक सुधार करने का अवसर रहेगा। आवेदन पत्र केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे।

# जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार 12 जनवरी को होगा आयोजित, उप मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि

रीवा

स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन 12 जनवरी को युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन जिले के सभी स्कूलों में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मार्तण्ड क्रमांक एक एवं तीन के परिसर में आयोजित जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल होंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद जनार्दन मिश्र करेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक देवतालाब गिरीश गौतम, विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह, विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह, विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल, विधायक सेमरिया अभय मिश्रा, विधायक त्योंथर सिद्धार्थ तिवारी तथा विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति शामिल होंगे। कार्यक्रम में विद्यार्थी सुबह 9 बजे तक उपस्थित हो जाएंगे। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का आगमन सुबह 9.20 बजे होगा। सामूहिक सूर्य नमस्कार का आकाशवाणी के सभी केन्द्रों से सुबह 9.30 बजे से सीधा प्रसारण किया जायेगा। वंदे मातरम, स्वामी विवेकानंद जी की वाणी, मुख्यमंत्री जी के संदेश एवं सामूहिक सूर्य नमस्कार व प्राणायाम के उपरांत सुबह 10.30 बजे कार्यक्रम का समापन होगा। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने आयोजन की समुचित व्यवस्था के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी आमंत्रितों से समारोह में शामिल होने का अनुरोध किया है।

# युवक ने खुद को मारी गोली, एक माह पहले हुई थी शादी, आत्महत्या के कारणों पर सस्पेंस बरकरार



**रीवा**। शहर के समान थाना क्षेत्र अंतर्गत पोखरी टोला से शुक्रवार दोपहर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां 26 वर्षीय युवक अनुज दुबे ने अपने ही घर में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर अनुज दुबे अपने घर के कमरे में था। उस समय उसकी पत्नी, मां और बहन भी घर पर मौजूद थीं। बताया जा रहा है कि घटना से पहले अनुज पूरी तरह सामान्य था। अचानक कमरे से गोली चलने की तेज आवाज सुनाई दी। आवाज सुनते ही पत्नी, मां और बहन दौड़कर कमरे की ओर पहुंचीं, जहां का नजारा देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। अनुज खून से लथपथ हालत में फर्श पर पड़ा था। परिजन तत्काल उसे लेकर संजय गांधी अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर फैलते ही मोहल्ले में शोक और भय का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही समान थाना पुलिस और एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्रित किए। कमरे से एक पिस्टल भी बरामद की गई है। पुलिस यह जांच कर रही है कि पिस्टल वैध थी या अवैध। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि युवक ने अवैध पिस्टल से अपने सिर में गोली मारी थी। मृतक के शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता था मृतक,एक माह पहले हुई थी शादीबताया गया कि अनुज दुबे प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता था। उसकी शादी महज एक माह पहले ही हुई थी। शादी के बाद घर में खुशियों का माहौल था, लेकिन अचानक हुई इस घटना ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। अनुज के पिता का निधन करीब पांच वर्ष पहले हो चुका है। घर में अनुज के अलावा उसकी पत्नी, मां और बहन रहती थीं। घटना के बाद पत्नी, मां और बहन का रो-रोकर बुरा हाल है। खासकर पत्नी पति की मौत से पूरी तरह टूट गई है। लोगों का कहना है कि शादी के बाद इतनी जल्दी इस तरह का कदम उठाना कई सवाल खड़े करता है

# एम.पी. ट्रांसको ने 40 एम.व्ही.ए. पावर ट्रांसफार्मर की साईट पर ही की मेजर रिपेयरिंग

**रीवा**। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के इंजीनियर्स ने अपनी तकनीकी दक्षता, मेटेरियल मैनेजमैंट और त्वरित निर्णय क्षमता का प्रभावी परिचय देते हुए 40 एमव्हीए क्षमता के एक अत्यधिक क्षतिग्रस्त पावर ट्रांसफार्मर की सबस्टेशन स्थल पर ही मेजर रिपेयरिंग कर उसे सफलतापूर्वक पुनः ऊर्जीकृत किया। इस प्रयास से कंपनी को संभावित आर्थिक नुकसान से बचाया जा सका, साथ ही रबी फसल के महत्वपूर्ण लोड सीजन के दौरान ट्रांसमिशन नेटवर्क में लंबे आउटेज की आशंका को भी समाप्त किया गया। जिले के 132 केव्ही सबस्टेशन मनगवां में स्थापित 40 एमव्हीए पावर ट्रांसफार्मर तकनीकी कारणों से आग लगने के चलते गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया था। ट्रांसफार्मर निर्माता कंपनी के इंजीनियर द्वारा निरीक्षण के उपरांत यह अभिमत व्यक्त किया गया कि ट्रांसफार्मर की साईट पर रिपेयरिंग संभव नहीं है तथा इसे कंपनी के वर्क्स में भेजकर रिपेयरिंग कराना आवश्यक होगा। किंतु रबी सीजन के दौरान क्षेत्रीय ट्रांसमिशन नेटवर्क में 40 एमव्हीए क्षमता की महत्ता एवं स्थानीय ट्रांसमिशन नेटवर्क आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए एम.पी. ट्रांसको प्रबंधन द्वारा इसे साईट पर ही रिपेयर करने का निर्णय लिया गया।मुख्यालय जबलपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता आरसी शर्मा के मार्गदर्शन में साईट पर ही मेजर रिपेयरिंग हेतु विस्तृत तकनीकी कार्ययोजना तैयार की गई। प्रदेश के विभिन्न स्थलों पर उपलब्ध ट्रांसफार्मर स्पेयर्स, जिनमें एचवी तथा एलवी बुशिंग, प्रेशर रिलीफ डिवाइस, ऑयल वॉल्व, विभिन्न ओ-रिंग्स एवं गैस्केट्स जो ट्रांसफार्मर में ऑयल लीकेज रोकने हेतु आवश्यक होती हैं, की त्वरित व्यवस्था सुनिश्चित की गई। जबलपुर के कार्यपालन अभियंता नरेन्द्र पटेल के



साथ अधीक्षण अभियंता द्वारा मनगवां में कैंप कर लगभग 15 दिनों के भीतर उच्च तकनीकी स्तर के रिपेयरिंग कार्यों को चरणबद्ध रूप से पूर्ण किया गया। इस दौरान क्षतिग्रस्त बुशिंग को डिस्मेंटल कर उनके स्थान पर लोकली मॉडीफाइड बुशिंग टरेट में फिटमेंट, ट्रांसफार्मर के टॉप कवर सहित विभिन्न पार्ट्स की गैस्केट रिप्लेसमेंट, आवश्यक प्री एवं पोस्ट-रिपेयर टेस्टिंग, ट्रांसफार्मर ऑयल फिल्ट्रेशन एवं अन्य प्रक्रियाओं को सफलतापूर्वक संपादित किया गया। रिपेरिंग और टेस्टिंग के उपरांत ट्रांसफार्मर को सुरक्षित रूप से पुनः सफलतापूर्वक ऊर्जीकृत किया गया।

# जिला अस्पताल में नेत्र रोगियों के लिए अत्याधुनिक आपरेशन थियेटर की सुविधा चालू



**मऊगंज**। जिला अस्पताल मे नेत्र रोगियों को अत्याधुनिक आपरेशन थियेटर में आंख के इलाज व ऑपरेशन की सुविधा प्रारंभ हो गयी है। कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जिला अस्पताल के इस अत्याधुनिक आपरेशन थियेटर का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश दिये कि पूरी तन्मयता एवं सजगता से मरीजों का इलाज करें। जिला चिकित्सालय में सभी विभागों में पर्याप्त उपकरण की व्यवस्था सुनिश्चित कराई गयी है। इस आपरेशन थियेटर में 6 मोतियाबिन्द से पीड़ति मरीजों के आपरेशन कर लेंस का प्रत्यारोपण किया गया। भ्रमण के दौरान डिप्टी कलेक्टर पवन गोरैया, बीएमओ प्रद्युम्न शुक्ला, डॉ. लक्ष्मण पटेल सहित चिकित्सक उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर लगाया प्रतिबंध



**मऊगंज**। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय कुमार जैन ने आगामी परीक्षाओं के आयोजन के दृष्टिगत जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने धारा 163 के तहत कानून व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से ध्वनि विस्तारक यंत्रों, डी.जे. सिस्टम, लाउडस्पीकर एवं संबोधन प्रणाली आदि पर प्रतिबंध लगाया है। उन्होंने बिना पूर्व आधिकारिक अनुमति के धार्मिक स्थलों, औद्योगिक, वाणिज्यिक, रहवासी कालोनियों एवं मूक क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित एवं नियम विरूद्ध अनुप्रयोग पर प्रतिबंध लगाया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने आदेश दिये हैं कि रात्रि 10:00 बजे से सुबह 6:00 बजे के बीच संपूर्ण मऊगंज जिले में सभी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्रों एवं तीव्र संगीत का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। समस्त डी.जे. संचालक / होटलो / रेस्टोरेंट को डी.जे. यूनिट के संचालन का नियमानुसार लायसेंस लेना अनिवार्य होगा एवं किसी भी डी.जे. यूनिट पर अधिकतम एक साउण्ड सिस्टम (जिनकी ध्वनि, निर्धारित मापदण्डो के अनुसार अथवा उससे कम हो) का ही उपयोग किया जा सकेगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रो का उपयोग प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक सम्बंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी की अनुमति से किया जा सकेगा, परन्तु यह अनुमति 2 घंटे से अधिक की नहीं होगी। ध्वनि विस्तारक यंत्रो के उपयोग की अनुमति कार्यकम परिसर मे ही दी जावेगी। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग हेतु दी गई अनुमति में भारत सरकार द्वारा निर्धारित ध्वनि मानकों का स्पष्ट उल्लेख किया जाए। सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय एवं माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण के दिशा निर्देशों, ध्वनि प्रदूषणना और वियोण नियम, तथा म,प्र, कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के प्रावधानों का पूर्णतः पालन किया जाना अनिवार्य होगा। यदि किसी भी व्यक्ति/संस्थान द्वारा इन प्रावधानों का उल्लंघन किया जाता है तो मध्यप्रदेश कोलाहल नियत्रण अधिनियम तहत शास्ति अधिरोपित करने एवं जप्ती की कार्यवाही की जायेगी।